





# पतंजलि के नाम पर ठगी के लिए टीम बनेंगी

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ में योगगुरु स्वामी रामदेव जी महाराज से एसएसपी अजय सिंह ने मुलाकात की। जिले के कई रोग से पीड़ित पुलिसकर्मियों को भारतीय चिकित्सा पद्धति और योग से इलाज के बारे में चर्चा की। एसएसपी ने पतंजलि के नाम का इस्तेमाल करते हुए ठगी करने वाले लोगों पर लगाम लगाने के लिए विशेष टीमें गठित करने की बात कही।

एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को लेकर परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज से औपचारिक भेंटवार्ता की। उन्होंने साधारण और गंभीर रोगों से पीड़ित जिले के पुलिसकर्मियों को पतंजलि में समुचित उपचार देने के बारे में वार्ता की। योगऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज ने पुलिस के जवानों के किसी भी प्रकार के रोग निवारण में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। एसएसपी ने कहा, असामाजिक तत्वों ने पतंजलि योगपीठ के नाम पर ठगी कर छवि खराब करने का काम किया है उन्होंने कहा, साइबर ठगों से निपटने के लिए कदम उठाते हुए कई थानों में पतंजलि के मुकदमें दर्ज कराए हैं। साइबर मुकदमों के त्वरित निस्तारण के लिए टीम गठित करने के साथ ही अधिक लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ऑनलाइन ठगी रोकना और साइबर ठगों से निपटने के लिए कठोर कदम जरूरी है। «

# जैविक कृषि प्रशिक्षण के लिए सुदूर पंजाब से पतंजलि पहुँची किसानों की टीम

**हरिद्वार।** भारत सरकार के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट में तीन दिवसीय मृदा प्रशिक्षण के साथ अनेक प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है तथा यहाँ की अधिकांश जनसंख्या आजीविका तथा जीवन निर्वहन हेतु कृषि पर ही निर्भर है।

उन्होंने बताया कि पतंजलि अनुसंधान संस्थान द्वारा किसानों के प्रशिक्षण के साथ-साथ पतंजलि द्वारा बनाई गयी मृदा परीक्षण किट 'धरती का डॉक्टर' का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसकी सहायता से किसान स्वयं अपने खेत में मिट्टी का परीक्षण कर सकते हैं।

कार्यक्रम में भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय आजीविका मिशन के डॉ. सुहिता चक्रवर्ती ने भी किसानों को प्रशिक्षण दिया तथा पतंजलि संस्थान की ओर से डॉ. वेदप्रिया आर्या, श्री पवन कुमार, विवेक बेनीपुरी, डॉ. मनोहारी, डॉ. अजय गौतम, श्री स्पर्श गर्ग, श्री अमित सैनी, श्री शिवम आदि ने पंजाब के अनेक जिलों से आये हुए किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया। पतंजलि के प्रशिक्षण से किसान अत्यन्त गदगद दिखे। «